श्याम बचाते लाज

दौड़े आते बाबा श्याम , भगत की लाज बचाने को
लाज बचाने को भगत की लाज बचाने को
दौड़े आते बाबा श्याम भगत की लाज …….

भरी सभा में हुई लाचारी
द्रोपदी बहना तुम्हे पुकारी
आ के चीर बढ़ाए प्रभु तुम , धर्म निभाने को
दौड़े आते बाबा श्याम भगत की लाज ……..

श्याम से जिसने लगन लगाई
भगत अनोखी मीरा बाई
जहर का प्याला अमृत करने , लाज बचाने को
दौड़े आते बाबा श्याम भगत की लाज ……..

नानी के सब काम बनाए
भाती बनके श्याम है आए
नरसी ने अरदास लगाई , भजन सुनाने को
दौड़े आते बाबा श्याम भगत की लाज ……..

इक निर्धन की करी सुनाई
यार सुदामा की प्रीत निभाई
मोहन कौशिक आए श्याम , फिर गले लगाने को
दौड़े आते बाबा श्याम भगत की लाज ……..

Source: https://www.bharattemples.com/shyam-bachaate-laaj/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw